Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 21-01-2022 अंक 121

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## जिला परिषद अभियंता ने की अनुमंडलीय अस्पताल के शौचालय का औचक निरीक्षण, नाराज दिखे





**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

अनुमंडलीय अस्पताल बरही का जीर्णोद्धार 50 लाख की लागत से किया जा रहा है। जिसके तहत खराब पड़े शौचालय को हटाकर शौचालय का नया रूप देना भी है। लेकिन किसी ने शिकायत कर दी कि अनुमंडलीय अस्पताल में शौचालय की स्थिति ठीक नही है। कई शौचालय गंदे हैं। कई शौचालय चालू हालत में नही है। इसकी औचक जांच के लिए जिला परिषद हज़ारीबाग़ के अभियंता अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और पूरी जांच की जांच के क्रम में पाया गया कि कुछ शौचालय ठीक हालत में थी।। लेकिन कई शौचालय की स्थिति खराब एवं गंदा था। खराब एवं गंदे पड़े शौचालय को तुरंत ठीक करने का निर्देश जिला परिषद के अभियंता सीपी सिंह ने संवेदक रामचंद्र यादव को दिया। कहा कि शौचालय किसी भी हालत में बंद नही रहनी चाहिए। यदि शिकायत मिली तो विधि सम्मत कार्रवाई संभव है। मौके पर डीएस डॉ० प्रकाश ज्ञानी, संवेदक रामचंद्र यादव, पंकज कुमार आज़ाद, विनय सिन्हा आदि लोग मौजूद थे।




## 60 प्रतिशत वैक्सीनेशन के साथ कोडरमा जिला ने बनाया नया रिकॉर्ड, राज्य में पहले स्थान पर पहुंचा

### कोडरमा डीसी आदित्य रंजन, एसडीएम मनीष कुमार एवम कोडरमा सीएचसी एमओआईसी का अहम योगदान

### कोडरमा जिला में कोडरमा सीएचसी पहले स्थान पर काबिज, एमओआईसी डॉ अनिल कुमार का अहम योगदान

**अपेम लाइव : कोडरमा**



आदित्य रंजन ( डीसी)



मनीष कुमार (एसडीएम)



डॉ अनिल कुमार(MOIC)

कोविड टीकाकरण पूरे राज्य में युद्ध स्तर पर जारी है। लेकिन इस बार 21 जनवरी को जारी रिपोर्ट के अनुसार कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम में कोडरमा जिले ने पूरे राज्य में नया रिकॉर्ड बनाया है। राज्य स्तर पर जारी आंकड़ा के अनुसार 60 प्रतिशत वैक्सीनेशन के साथ कोडरमा जिला पूरे राज्य में अव्वल है। वही कोडरमा जिला में कोडरमा ब्लॉक व कोडरमा सीएचसी प्रथम स्थान पर काबिज है। टीकाकरण में जो कीर्तिमान अब तक कोडरमा जिले ने स्थापित किया है। उसका मुख्य श्रेय जिले के उपायुक्त आदित्य रंजन एव एसडीएम मनीष कुमार को जाता है। इनके कुशल नेतृत्व एवं प्रबंधन के चलते कोडरमा में वैक्सीनेशन कार्यक्रम को मिशन के तौर पर लिया जा रहा है। डीसी आदित्य रंजन खुद वैक्सीनेशन कार्यक्रम की मॉनीटरिंग कर रहे है। एसडीओ मनीष कुमार प्रतिदिन कोविड टीकाकरण में लगे एमओआईसी, चिकित्सक एवं वैक्सीनेटर से संपर्क स्थापित कर उत्साह एवं मनोबल बढ़ाने का काम करते है। जिसका सकारात्मक प्रभाव टीकाकरण कार्यक्रम पर पड रहा है। राज्य से जारी आंकड़ा के अनुसार 15 से 18 वर्ष के बच्चों को टीका देने के मामले 60 प्रतिशत (सर्वाधिक) का टीका देने का रिकॉर्ड बनाया है। पिछले तीन दिनों में 23000 बच्चो ने टीका लगवाया। कोडरमा जिला में कोडरमा सीएचसी ने भी अपना दबदबा कायम रखा है। पूरे जिले में 15 से 18 एवं 18 प्लस के कटेगरी में प्रथम स्थान पर पिछले कई दिनों से बना हुआ है। इसमे प्रभारी डॉ० अनिल कुमार का कुशल प्रबंधन एव कुशल रणनीति को श्रेय जाता है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में कोडरमा एवं कोडरमा में कोडरमा सीएचसी का प्रथम स्थान प्राप्त करना गौरव का पल है। हमलोगो को इसी तरह शत प्रतिशत वै. क्सीनेशन कार्यकम को सफल बनाने के लिए संकल्पित रहने की जरुरत है।

## जलमीनार बनाए जाने के बाद भी मुखिया नही कर रही है लागत राशि का भुगतान, कमीशन मांगने का आरोप

### संवेदक ने लगाई एसडीओ को आवेदन देकर न्याय की गुहार, कार्रवाई की मांग

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



रानीचुवाँ पंचायत के जीतपुर निवासी संतोष यादव ने रानीचुवाँ पंचायत के मुखिया रीता मुर्मू एवं तत्कालीन पंचायत सेवक रामानन्द कुमार पर जलमीनार बनवा कर लागत राशि का भुगतान नही करने का आरोप लगाया है। इस बाबत संवेदक संतोष यादव ने एसडीओ को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि ग्राम सभा द्वारा मेरा चयन अभिकर्ता अध्यक्ष के रूप में हुआ था और मैंने इस 15 वीं वित्त योजना के तहत जीतपुर में जल मीनार को पूर्ण रूप से पूरा किया । योजना की कुल लागत राशि 3,84,691 है। जिसमे मात्र मुझे अभी तक 1,25,000 मिल पाया है। फलस्वरूप मुखिया रानीचुवाँ एवं पंचायत सेवक रामानंद प्रसाद द्वारा कमीशन मांगने का दबाव बनाया जा रहा है। वर्तमान पंचायत सेवक परबिल राम भी पूर्व पंचायत सेवक के इशारे में काम कर रहे हैं। जिसके कारण मुझे बकाया राशि नही मिल पा रहा है। कहा कि दो वर्ष हो गए है। अब तक कमीशन के कारण मुझे लागत राशि नही दी जा रही है। वहीं उन्होंने आवेदन देते हुए कहा कि उपरोक्त योजना का बकाया राशि दिलाने एवं मुखिया व पंचायत सेवक रामनंद पर कमीशन माँगने के आरोप में कड़ी कानूनी करवाई करने की मांग की है। इधर पंचायत सेवक परबिल राम ने कहा कि संवेदक का आरोप निराधार है। जितना काम संवेदक के द्वारा किया गया था, उतना का भुगतान करा दिया गया। बो. रिंग धंस गया है। जिसके कारण भुगतान नही किया जा सका।

## बरही विधायक ने सरकारी कर्मियों के निवास के लिए भवन का किया शिलान्यास

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही विधायक ने शुक्रवार को बरही प्रखंड मैदान के समीप सरकारी कर्मियों के आवास को लेकर भवन का शिलान्यास पूजा अर्चना कर फ़ीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। जिसका शिलान्यास बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बरही बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधायक प्रति. निधि विनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष ड० निजामउद्दिन अंसारी, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, उप प्रमुख सिकंदर राणा ने संयुक्त रूप से फ़ीता काट एवं नारियल तोड़कर किया। यह भवन सरकारी कार्य से जुड़े लोगों के लिए बनाया जा रहा है। वहीं सभी जनप्रतिनिधियों ने विधायक उमाशंकर अकेला के द्वारा किये गए कार्यो को गिनाया। वहीं अंत मे विधायक उमाशंकर अकेला ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में बरही विधानसभा में लगभग 5000 चापाकल दिलवाया जिससे पानी पीने में हो रही लोगो की तकलीफे दूर हुई। साथ ही उन्होंने कहा कि हर गांव में मैंने सड़क बनवाया। मौके पर बीडीओ सह अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष ड० निजामउद्दीन अंसारी, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, उप प्रमुख सिकंदर राणा, छठु गोप, कुणाल कतरियार तोखन रविदास, काँग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह मनोज कुमार, सुनील साहू, रघुवीर यादव एवं सैकड़ो लोग मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## राज्यसभा सांसद सह भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश का बरही चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित**



स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता

राज्यसभा सांसद सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का बरही चौक पर भा. जपा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया । दीपक प्रकाश कुछ दिन पूर्व हुए जिला पदाधिकारी जयदेव चौधरी के श्राद्ध कर्म में शामिल होने जा रहे थे । भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में चौक पहुंच कर फूल माला के साथ स्वागत किया। इस स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता बरही पश्चिम मण्डल अध्यक्ष अमित साहू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अशोक यादव , प्रदेस कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा , ओ बी सी मोर्चा के प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर , महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कांति देवी, अनुसूचित जाति मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार , मण्डल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह,पप्पू चन्द्रवंशी,राजकुमार केशरी, रितेश गुप्ता, गोपाल राणा, प्रमोद यादव,रघुमोदी,मो मंसूर, मुकेश कुमार,सहदेव राणा,महेंद्र राणा, सुरेंद्र चौधरी, सचिन यादव, उपेंद्र सिंह,कुलदीप सिंह,पंकज बर्णवाल, विपिन सिन्हा, अर्जुन यादव, रंजीत यादव, उमेश यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे

## अन्नपूर्णा देवी, अमित कुमार यादव ने अशोक वर्णवाल की मां दिवगंत आत्मा मंदोदरी देवी के चित्र पर पुष्प देकर श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**



चलकुशा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मनैया में भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल के घर पहुंचे कोड. रमा सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी साथ बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव उनके घर मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल की मां दिवगंत आत्मा मंदोदरी देवी के चित्र पर पुष्प देकर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान कोडरमा सांसद बरकट्ठा विधायक जिप सदस्य के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया ।चल. कुशा एवं बरकट्ठा के जन समस्याओं को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोडरमा सांसद को ज्ञापन सौंपा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव, सुबोध चौधरी, केदार साव,विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विजय चौधरी, रा. जेंद्र साव, राम प्रसाद यादव, गोपाल पासवान, सहदेव यादव, पिंटू मोदी, अजय सिंह, गोविंद चौधरी, अशोक यादव, जयप्रकाश राम, बीएनपी वर्णवाल, इंद्रदेव यादव , रामेश्वर मोदी एवं इत्यादि लोग मौजूद थे।

## उरवां जल प्लांट में कार्य कर रहे संविदा कर्मियों को 5 माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण भुखमरी की स्थिति उत्पन्न

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



उरवां प्लांट में कार्यरत संविदा कर्मी

उरवां स्थित पेयजल प्लांट में कार्यरत संविदा कर्मच. ारियों को पिछले पांच माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण उनके बीच भूखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। इस संबंध में उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया के कार्यपालक अभियंता को आवेदन देकर मानदेय भुगतान करने की मांग किया है। अपने आवेदन में संविदा कर्मियों ने कहा है कि प्लांट में कार्य करवा रहे ठीकेदार को जब मानदेय की मांग की जाती है तो उनके ओर से टालमटोल किया जाता है। कर्मियों ने कहा है कि अगर 23 जनवरी तक उनके बकाए मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता है तो 23 जनवरी के बाद सभी संविदा कर्मी कार्य को पूर्ण रूप से ठप कर देंगे। जानकारी अनुसार प्लांट में कार्य कर रहे संविदा कर्मियों को उचित व समय पर मानदेय नहीं मिलने का मामला श्रम अधीक्षक कोडरमा कार्यालय में भी चल रहा है। आवेदन में रवि यादव, विरेंद्र यादव, शीतल यादव, गुलाब यादव, मथुरा यादव, गणेश साव, सत्यनारायण महतो, बसंत कुमार, महादेव यादव, महेश कुमार आदि का हस्ताक्षर है।

## भाजपा जिला मंत्री दिवंगत आत्मा जयदेव चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**



चलकुशा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चौबे पूर्व मुखिया सह भाजपा जिला मंत्री दिवंगत जयदेव चौधरी के श्राद्ध कार्यक्रम में पहुंचे कोडरमा सांसद सह शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,पूर्व विधायक नागेंद्र महतो जिप सदस्य कुमकुम देवी, दिवंगत आत्मा जयदेव चौधरी के चित्र पर पुष्प देकर नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्री चौधरी के दोनों पुत्र अंशु कुमार ,रवि कुमार एवं के पत्नी से मिलकर ढांढस बंधया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता दिगंबर मेहता, युवा नेता आलोक सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव, उपप्रमुख दुर्गा यादव , ऐपवा अध्यक्ष सविता सिंह रामजी चौधरी, राजू गोप ,भुनेश्वर स्वर्णकार, बसंत पांडेय, तफज्जुल हुसैन, बा. बूलाल बिहारी, एवं काफी संख्या में लोग श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं ध्वजा रोपन किया शुभारंभ

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**



चलकुशा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सेवाटांड में श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ नगर भ्रमण करते हुए ध्वजारोहण किया गया। श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का कलश यात्रा दिनांक 2 फरवरी 2022 को सुबह 9रू00 बजे निकाला जाएगा। पुजारी श्री गजाधर यादव यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव ,कोषाध्यक्ष अरुण यादव, सचिव योगेंद्र यादव ,रामदेव यादव , ईश्वर यादव ,शिवम कुमार यादव, बंसी राणा, दशरथ प्रसाद राणा, धनेश्वर राणा ,गोविंद चौधरी ,परमेश्वर यादव, विनोद यादव, नंद लाल यादव, बंधन यादव ,चिंतामणि यादव, मेहंदी यादव ,वीरेंद्र यादव, नकुल यादव, बंसी यादव ,विवेक यादव, रामचंद्र यादव, ईश्वर यादव, फुलआंगी यादव एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोविड-19 वैक्सीनेशन को लेकर बैठक आयोजन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**



चलकुशा प्रखंड मुख्यालय सभागार में कोविड-19 वै. क्सीनेशन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजन किया गया। बैठक में अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर ड० निशांत बैक,ड०फिदाउल्ला उपस्थित थे ।जिसमें सेविका, सहायिका ,सहिया दीदी एवं एएनएम को प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा दिशा निर्देश दिया गया की चल. कुशा प्रखंड के सभी 9 पंचायतों में कोविड-19 वै. क्सीनेशन से वंचित लोगों को प्रेरित कर वैक्सीन का शत-प्रतिशत कार्य पूरा करें। आंगनबाड़ी के सेविका सहायिका, सहिया दीदी एवं एएनएम के गलत रिपोर्ट के कारण चलकुशा में वैक्स. ीनेशन का प्रतिशत नहीं हो पाया। वैक्सीन देने के समय जो भी त्रुटियां हुआ है ।उसे भी सुधार कर रिपोर्ट देने की निर्देश प्रखंड विकास पदा. धिकारी ने दिया। मौके पर कृषि पदाधिकारी शैलेश रंजन, आंगनबाड़ी सुप. रवाइजर अनुश्री, एएनएम सरोज कुमारी, स्नेहा कुडो, सरिका कुमारी, सोनी कुमारी एवं इत्यादि लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

**हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य**

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरहीं क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह में मिट्टी का दीवार गिरने से ढाई साल के मासूम की मौत, दूसरी बच्ची गंभीर

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**



गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के डाड़ीडीह में गुरुवार की शाम मिट्टी की दीवार गिरने से ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई वही जीना परवीन गंभीर रुप से जख्मी हो गई. घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया. क्योंकि मृत बच्चा सलमान अंसारी की उम्र महज ढाई साल ही था । हालांकि घटना के बाद दोनों बच्चों के परिजन आनन–फानन में इनको लेकर सदर अस्पताल पहुंचे थे लेकिन अस्पताल में चिकित्सक ने ढाई साल के बच्चे सलमान के मौत की पुष्टि की. जानकारी मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना प्रभारी विनय राम भी घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली ।

**क्या है मामला**

जानकारी के अनुसार डाड़ीडीह गांव निवासी कलाम अंसारी का बेटा सलमान और कलीम अंसारी की बेटी जीना परवीन घर के आंगन में ही थे । इसी दौरान घर के मिट्टी का दीवार गिरी. दीवार में पानी के अधिक रिसने के कारण दीवार कमजोर हो गयी थी. इसके कारण दीवार के गिरने की बात कही जा रही है. इसके चपेट में दोनों बच्चे आ गए ।

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो नें ट्रांसफार्मर में मारी टक्कर, कई घायल , बिजली बाधित

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



संध्या देर शाम बड़कागांव थाना परिसर के नजदीक मुख्य सड़क पर स्कॉर्पियो ने ट्रांसफार्मर में मारी टक्कर जिससे स्कॉर्पियो पर सवार कई लोग बुरी तरह से घायल हो गए। जिसके बाद मौजूदा लोगों की सहयोग से उन्हें साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव पहुंचाया गया। हालांकि सड़क हादसे के दौरान आसपास भीड़ भाड़ का कोई माहौल नहीं था अन्यथा यह दुर्घटना एक बड़ी घटना को अंजाम दे सकती थी । उक्त घायलों का इलाज डo अविनाश कुमार के द्वारा किया गया। घायलों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मैं अपने स्कoर्पियो से बड़कागांव से आराहरा की ओर जा रहा था की इसी क्रम में थाना के पास हरली निवासी पिंटू कुमार पिता स्वर्गीय होरील महतो अपने पल्सर बाइक से घर जाने के क्रम में टकरा गई । मोटरसाइकिल चालक जिसे पिंटू कुमार घायल हो गया। वहीं स्कoर्पियो ड्राइवर पिंटू कुमार स्कoर्पियो गाड़ी आगे ले जाने के क्रम में कुछ दूरी आगे जाकर कुनकुनी शहदाता बाबा बड़कागांव के मजार के समीप लगे ट्रांसफार्मर से जा टकरा. ई।जिससे स्कoर्पियो में सवार प्रदीप महतो उम्र 40 वर्ष एवं उर्मिला देवी उम्र 30 वर्ष दोनों पिता बंधु महतो तथा 16 वर्षीय लक्ष्मी कुमारी पिता प्रदीप महतो घायल हो गए। जबकि उर्मिला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। वही दोनों बिजली पोल खंभा वा बिजली ट्रांसफार्मर आदि स्कoर्पियो टकराने से स्कoर्पियो के परखच्चे उड़ गए। इधर ट्रांसफार्मर सहित अन्य सिस्टम क्षतिग्रस्त होने से उक्त क्षेत्र का बिजली गुल हो गई। मौके पर बिजली विभाग के कर्मिक घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को ठीक करने के प्रयास में जुटे गए ताकि सड़क जाम ना हो। क्योंकि ट्रांसफार्मर मुख्य सड़क के किनारे लगा हुआ है। इलाज में सुभाष कुमार के द्वारा सहयोग किया गया।डo अविनाश कुमार ने बताया कि कई लोग घायल हैं परंतु उर्मिला देवी की स्थिति गंभीर है।






## खाखीपिपर चौक पर निकला कैंडल मार्च

**अपेम न्यूज लाइव**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड के बलिया पंचायत के नौजवानों ने मीना बाजार मोड़ के पास कैंडल मार्च निकाला. जमुआ प्रखंड के ग्राम चचघरा में लव कुमार प्रभाकर उर्फ़ राजा को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और साथ में शलव कुमार के हत्यारों को फांसी दोश, शमाँ की सुनी गोद को इंसाफ दोश सरीखे नारे लगाये गये. इस कैंडल मार्च का नेतृत्व इंकलाबी नवजवान सभा बैनर तले गिरिडीह जिला कमिटी सदस्य मो. इरफ़ान अंसारी और कमरुल अंसारी ने कैंडल मार्च किया गया. कैंडल मार्च मीना बाजार मोड़ से हाई स्कूल होते हुए पुनः मीना बाजार मोड़ पंहुचा. जहाँ लव कुमार प्रभाकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर लोगों ने नम आँखों से उसे श्रद्धांजलि देते हुए एक मिनट का मौन रख कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की दुआएं मांगी गई. इस कैंडल मार्च में हरिहर राम, सगीर अंसारी, बद्री राम, अलहा. उद्दीन अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, जलील अंसारी, कुर्बान अंसारी, कयूम अंसारी, जाकिर अंसारी, लम्बोदर तुरी, मुकेश कुमार मंडल, सरफ़राज़ अंसारी, अरबाज अंसारी, मसूर अंसारी, नासिर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, संतोष कु. यादव, हाकिम अंसारी आदि नौजवानों ने भाग लिया।

## गावां में सहायक अध्यापक संघ ने बैठक कर हेमंत सरकार का जताया आभार

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड के सहायक अध्यापक संघ ने शुक्रवार को बीआरसी भवन के समक्ष बैठक कर झारखण्ड राज्य सहायक अध्यापक नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी मिलने की खुशी में हेमंत सरकार, शिक्षा मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू का आभार व्यक्त किया। बैठक में उपस्थित संघ के गावां प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल यादव ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि चुनाव के वक्त महागठबंधन की सरकार ने जो वादा किया उसे पूरा कर ये साबित कर दिया कि हेमन्त है तो हिम्मत है। कहा कि जिस प्रकार से गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू जी ने पहल कर नियमावली को लागू कराया उसे कभी भुलाया नही जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने जो पारा शिक्षकों को वचन दिए थे उसे अमली जामा पहनाकर ये दिखा दिए कि झामुमों की सरकार जो कहती है वो करती भी है। मौके पर धनेश्वर प्रसाद यादव, संजय कुमार, मुकेश यादव, महेंद्र राजवंशी, बीरेंद्र यादव, अरुण कुमार, पंकज कुमार, अशोक कुमार, उमेश कुमार, सुरेंद्र यादव समेत दर्जनों सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## मृतक के आश्रित को मृत्यु दावा का हुआ भुगतान

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**
**मिथलेश वर्मन**




प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत शुक्रवार को बैंक अoफ इंडिया विष्णुगढ़ शाखा द्वारा मृतक के आश्रित गाल्होबार निवासी मो अली हुसैन को दो लाख रुपये मृत्यु दावा का भुगतान किया गया। ब्रांच मैनेजर अजय कुमार यादव, अधिकारी सुशील कुमार राय, अभिषेक कुमार, गाल्होबार पंचायत ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक डेगलाल महतो की उपस्थिति में दो लाख रुपए का भुगतान किया। खाताधारी सुगिया खातून ने नवंबर 2020 में खाता के माध्यम से बीमा करवाया था। इसके लिए उन्हें 330 रुपये देने पड़े थे। बीमा के कुछ दिनों बाद उनकी आकस्मिक मौत हो गई। बीमाकर्ता के नoमिनी को मृत्यु दावा का भुगतान किया गया। इस अवसर पर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक डेगलाल महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सभी खाताधारियों को करवा लेना चाहिए। इस योजना से दुर्घटना या आकस्मिक मौत पर उसके नoमिनी को बीमा योजना का लाभ मिलता है। मो अली हुसैन ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का भुगतान पाकर खुशी जाहिर की। मौके पर बैंक अoफ इंडिया शाखा के सभी बैंककर्मी मौजूद थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉo अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# गावां प्रखण्ड के पांच पंचायतों में बनेगा वाटर सप्लाई प्लांट, दूर होगी पेयजल की समस्या

## पिहरा, निमाडीह, सांख, सेरुआ और मंझने पंचायत में बनेगा प्लांट

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखंड के पांच पंचायतों में लगभग एक अरब की लागत से वाटर सप्लाई प्लांट का निर्माण कार्य बहुत जल्द शुरू होने की संभावना है। इस सम्बंध में पीएचइडी के जेई जहेन्द्र भगत ने बताया कि प्लांट निर्माण के स्थल का निरीक्षण कर मापी का कार्य किया। इस दौरान एसडीओ विक्रम कुमार मंडल एवं जांच टीम के लोग भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि गावां प्रखंड के पांच पंचायतों में बननेवाले जलापूर्ति योजना का टेंडर भी हो चुका है। अब स्थल की जांच और जमीन की मापी भी कर ली गयी है इसके बाद पपांच स्थानों पर पानी टंकी और सप्लाई केन्द्र बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही उक्त पांचों स्थल पर कार्य प्रारम्भ करवाया जायेगा। बता दे कि गावां प्रखण्ड के कई पंचायतों एवं गांवों में पेयजल की गंभीर समस्या है। गर्मी के दिनों में कुछ गांव के लोगो को पीने योग्य पानी के लिए कोसों दूर जाकर पानी लाना होता है। अब उक्त योजना के पूर्ण होने के से प्रखंड के सभी गावों में घर घर पाईप लाईन के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी।

# गिरिडीह के अतिवीर समूह की फैक्ट्री के फर्नेश में हुआ ब्लास्ट, तीन मजदूर गंभीर रूप से झुलसे

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**



गिरिडीह के अतिवीर टीएमटी समूह की फैक्ट्री में गुरुवार की शाम फर्नेश में ब्लास्ट होने से तीन मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गये. घटना के बाद फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा मामले को छिपाने का भी प्रयास करते देखा गया, लेकिन जब मजदूरों को परेशानी अधिक बढ़ी, तो फैक्ट्री प्रबंधन ने तीनों मज. दूरों को शहर के नवजीवन नर्सिंग होम में भर्ती कराया. जहां तीनों का इलाज चल रहा है. इसमें दो मजदूर तरुण कुमार और अमित कुमार की हालत नाजुक बनी हुई है. जख्मी तीनों मजदूर अलग-अलग राज्यों के हैं. गंभीर रूप से जख्मी मजदूर तरुण कुमार जहां तेलगांना का है तो वहीं अमित कुमार पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा का रहनेवाला बताया जा रहा है ।

# विहिप बजरंग दल ने भरकट्टा बाजार में चलाया धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम

**अपेम न्यूज लाइव**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के भरकट्टा बाजार में विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल प्रखंड समिति के द्वारा धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम हेतु भरकट्टा बाजार में धन संग्रह किया गया इस कार्यक्रम का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद् प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार साव एवं बजरंग दल प्रखंड संयोजक प्रेम तर्वे ने किया साथ ही उन्होंने कहा की विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा पूरे देश में प्रत्येक वर्ष संगठन के विस्तार एवं हिंदू धर्म के उत्थान हेतु यह कार्यक्रम चलाया जाता है हम सबों का मुख्य उद्देश्य है हिंदू धर्म का प्रचार प्रसार करना हिन्दुओं को संगठित करना विहिप का उद्देश्य है घर घर जाकर हर हिंदू को जगाना है आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे विहिप जिला मंत्री निरंजन कुमार, विहिप प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार साव,बजरंग दल प्रखंड संयोजक प्रेम तर्वे, प्रखंड मंत्री बालेश्वर साव, प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक कुशवाहा, प्रखंड संपर्क प्रमुख विशाल बजरंगी,दिवासकर राउत,पवन वर्मा आदि कई लोग उप. स्थित थे

APEM LIVE




# बड़की धमराय के गोखाने नदी पर उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास

## पुल के बनने से लोगों को होगी सुविधाः अन्नपूर्णा

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत चंदवारा प्रखंड में झुमरी तिलैया से तिलैया डैम भाया कांको पथ में मंझगावां एवं बड़की धमराय के बीच गोखाने नदी पर उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास केंद्रीय शिक्षा मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। तीन करोड़ 74 लाख 472 रूपये की लागत से बनने वाली उक्त पुल की लंबाई 102.66 मीटर है। जो छः स्पेन व पांच पिलर का हा. ेगा। जिसे धनबाद के मालती इंटरप्राइजेज द्वारा बनाया जाएगा। मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि उक्त पुल के बनने से तिलैया डैम से झुमरी. तिलैया को जाने वाले व्यक्तियों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लोगों को सुविधा दिलाने के लिए केंद्र सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उनके संज्ञान में कई ऐसे पल-पुलिया तथा सार्वज. निक कार्य हैं जिन्हें प्राथ. मिकता के आधार पर पूर्ण करेंगे। वही विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि विगत कुछ महीनों से उक्त पुल के ध्वस्त हो जाने से लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। जो उनके बीच एक चुनौती बनी हुई थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से उक्त पुल का सैंक्शन करवाकर निर्माण कराने का लक्ष्य उन्होंने हासिल किया है। उन्होंने कहा कि अब चंदवारा प्रखंड के दर्जनों गांवों को आवागमन सु. विधा होगी। मौके पर प्रमुख लीलावती देवी, सरयू प्रसाद वर्मा, धानेश्वर ठाकुर, बड़की धमराय मुखिया शीला देवी, कांको मुखिया सुनीता गिरी, कांटी मुखिया रमेश प्रसाद, सांसद प्रतिनिध बीरेंद्र मेहता, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, जयनगर उपप्रमुख बीरेंद्र यादव, झामुमो नेता श्यामदेव यादव, द्वारिका राणा, सांसद प्रतिनिधि राम लखन यादव, सांसद प्रति. निधि मनोज साव, झामुमो नेता सुधाकर यादव, युवा नेता लड्डन खान, रामचंद्र शर्मा, किशोर यादव, पंसस महेश प्रसाद, सुधीर सिंह, भोला दास, राजकुमार पांडेय, रामेश्वर यादव, रामप्रसाद वर्मा, केबी यादव, रामचन्द्र गोप, केदार भारती, किशोर यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# कान्हाचट्टी अंचल के हेसापरम के खाता 20 के 125 एकड़ गैरमजरूआ भूमि की अवैध जमाबन्दी रद्द् करने की मामला अब पकड़ने लगा है तूल

## उपायुक्त के आदेश को जमीन माफिया दिखा रहे हैं ठेंगा

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



जमीन माफ़ियायाओ का बोलबाला आज भी बरकार है भले ही सरकार कहे कि सरकारी जमीन पर गलत तरीके से किसी को दखल अंदाजी बर्दास्त नहीं करेंगे और वैसे भूमाफियाओं पर कार्रवाई भी करेंगे जो सरक. ारी भूमि को हड़पना चाहते हैं या अवैध तरीके से कब्जा जमाए हुए हैं।लेकिन सरकार के इन आदेश और फरमान को भी भी ठेंगा दिखाते हुए आज कान्हाचट्टी अंचल के हेसापरम गांव के लगभग 125 एकड़ सरकारी गैरमजरूआ भूमि पर भूमाफियाओं का अवैध कब्जा बरकरार है।जबकि चतरा के तत्कालीन उपायुक्त मनोज कुमार ने वर्ष 2013 में हेसापरम गांव के खाता 20 के प्ल०ट 176,192,410,441 एवं 454 के जमीन को गलत तरीके से बासुदेव राय ने फर्जी कागज बनाकर जमीन को हड़पने लिया है को फर्जी करार देते हुए बासुदेव राय के पुत्र चतरा सदर के राजस्व कर्मचारी शशि भूषण शर्मा पर उक्त गैरमजरूआ जमीन एवं वन भूमि की जमीन की कागजात में छेड़ छाड़ कर अपना नाम दर्ज कराने को लेकर राजस्व कर्मचारी पर प्रपत्र क गठित करते हुए उन्हें निलम्बन करते हुए उक्त खाते प्ल०ट के जमीन जिनके नाम से डिमांड खुला हुआ था उसे रदद् करने का आदेश आँचल अधिकारी कान्हाचट्टी एवं अनुमंडल पदाधिकारी चतरा को दिया था।उपायुक्त कार्यालय से जो आदेश निकला था उसका पत्रांक 422 दिनांक03/04/2013 था, के तहत अंचल को डिमांड रदद् करने का निर्देश था।

**उपायुक्त के उक्त आदेश को आज भी भूमाफियाओ ने ठेंगा बताते हुए जमीन को खरीद फरोख्त बेधडक कर रहे हैं।**

प्रधानमंत्री कार्यालय के आदेश संख्या एम. 03/262796 दिनांक 12/03/2011 के आदेश के बाद हुआ था कार्रवाईरू–बताते चलें कि हेसापरम के खाता नम्बर 20 के चार पांच प्ल०ट में लगभग 250 एकड़ जमीन सरकारी था जिसमे कुछ जंगल की जमीन था और कुछ गैरमजरूआ गोचर भूमि, जिसे हेसापरम के पूर्व कर्मचारी बासुदेव राय एवं पूर्व मुखिया चारो पांडेय ने मिल कर उक्त जमीन को अपना फर्जी कागजात बनाकर जमीन का मालिक बन कर जमीन को बिक्री भी करने लगे।जिसके बाद कुछ ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी से लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक मामले को लिख कर दिया और उक्त सरकारी जमीन को भूमाफियाओं से बचाने का गुहार लगाया था जिसके बाद प्रधानमंत्री के कार्यालय से पत्रांक एम 03/262796 दिनांक 12/03/2011 के आदेश से गैरमजरूआ और वन भूमि की जमीन का डिमांड रदद् करने का निर्देश उपायुक्त ने अंचल अधिकारी कान्हाचट्टी एवं अनुमंडल पदाधिकारी चतरा को दिया गया था।लेकिन आज तक डिमांड रदद् भी नहीं हुआ और जमीन की खरीद बिक्री जारी है।

**उपायुक्त के आदेश को भ. ूमाफिया बता रहे हैं ठेंगा**–हेसापरम के खाता 20 के गोचर भूमि को जिले के तत्कालीन उपायुक्त मनोज कुमार रदद् करने का आदेश वर्ष 2013 में ही दिए और जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए आदेश भी दिए परन्तु सात आठ वर्ष आदेश के बित जाने के बावजूद जमीन की खरीद बिक्री कर उपायुक्त के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। स्वतन्त्रता सेनानी बासुदेव पांडेय के नाम पर जारी जमीन के कागजात को छेड़ छाड़ कर बासुदेव राय बना था जमींदाररू–कुछ जानकार बताते हैं कि टटरा गांव के बासुदेव पांडेय जो स्वतंत्रता सेनानी थे को बिहार सरकार ऊक्त खाते प्ल०ट की जमीन को लाह की खेती के लिए लीज पर दी थी।लीज को स्वतंत्रता सेनानी बीच मे खत्म करा कर जमीन को सरकार को वापस कर दिए थे।लेकिन उसी बासुदेव पांडेय के नाम पर बने कागजात के साथ छेड छाड़ कर बासुदेव राय अपने नाम से फर्जी कागज बनाए और जमीन की मालिक बन बैठे। आज उसी जमीन को उनका वंशज बेच रहे हैं। बासुदेव राय(पूर्व कर्मचारी)एवं चारो पांडेय (पूर्व मुखिया)के वंसज बेधड़क उक्त जमीन का कर रहे हैं बिक्री और एग्रीमेंट रु– हेसापारम के खाता 20 के निम्न लिखित गकीरमजरुआ जमीन को फर्जी तरीके से बासुदेव पांडेय के नाम को बासुदेव राय ने छेड़ छाड़ कर पांडेय के जगह राय बना कर उक्त गैरमजरूआ भूमि को अपना कर लिए इसमे बा. सुदेव राय के भागीदारी पेलतौल के तत्कालीन मुखिया चारो पांडेय को भी बना लिया गया।आज दोनो के वंसज उक्त जमीन को गलत तरीके से बेच रहे हैं। ग्रामीणों ने पुनः उपायुक्त से उक्त जमीन को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराने की मांग किये हैं रु– हेसा. परम,डोंडागड़ा,ढेबरो,पेलतौल खुर्द और टटरा के ग्रामीणों उपायुक्त से पूर्व उपायुक्त के द्वारा दिये गए निर्देश के अनुशार ऊक्त खाते प्ल०ट के जमीन को भूमाफियाओं से मुक्त कराने की मांग किए हैं।

**कौन कौन किए है ऊक्त जमीन पर अवैध कब्जा** रु–हेसापरम के खाता नम्बर 20 के विभिन्न प्ल०ट पर हेसापरम के दिनेश्वर राय,मणि राय,प्रभु सिंह,परमेश्वर सिंह,सुखदेव सिंह,बासुदेव सिंह,निजाम मियाँ,शंकर राय,गौरी राम, जगदेव राम,गणेश दाँगी, साच्चो पांडेय,द्वारिका पाण्डेय,सहित दो से तीन दर्जन लागो का नाम शामिल हैं।

खाता 20 में ही वन विभाग लगभग 96 एकड़ भूमि पर कब्जा मुक्त करते हुए लगाया है जंगलरु–बताते चलें कि जिस जमीन को पाण्डेय जी और राय जी अपना बताकर बेच रहे हैं उसी जमीन के खाता 20 पर लगभग 96 एकड़ जमीन पर आज से आठ दस वर्ष पूर्व ही पेंड लगा चुकी है।मजे की बात तो ये है कि आखीर जिस खाता में आधा जंगल का जमीन है और वन विभाग जमीन को कब्जा मुक्त करते हुए जंगल लगा दिया तो उसी खाता प्ल०ट का जमीन जो खतियान में गै़रमजरूवा गोचर भूमि के प्रकार में रैयती कैसे हो गया।अब इस मामले को लेकर ग्रामीणों को चतरा उपायुक्त पर आशा है कि वर्तमान डी सी जरूर कार्रवाई करेंगे और गोचर भूमि को मुक्त कराएंगे।

**अवैध निर्माण कार्य भी है जारी** –खाता 20 के विभिन्न प्ल०ट पर लगातार अवैध रूप से घर मकान एवं जलमीनार कार्य करवाया जा रहा है।अंचल निरीक्षक के मना करने के बाद भी लगातार निर्माण कार्य चल रहा है।

RAINBOW SCHOOL BARHI
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum








इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

––– डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो0 – विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI Royal Enfield PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851

APEM LIVE

दिनांक: 21-01-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं०: 07

## प्रभात कुमार के प्रयास से सड़क के बीच से हटा बिजली पोल

**अपेन लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग नगर सह मंत्री प्रभात कुमार के पहल और प्रयास से हजारीबाग के बनहा गांव में सड़क के बीच से पोल हटा दिया गया है प्रभात कुमार ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले बनहा गांव के सड़क बन जाने से दो बिजली पोल सड़क के बीचो बीच बहुत दिनों से पड़े हुए थे, हमेशा वहां दुर्घटनाएं होती रहती थी जिसको लेकर वहां के ग्रामीण भी परेशान थे उसके बाद प्रभात कुमार ने बनहा गांव जाकर देखा फिर उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन दिया, और जयंत सिन्हा से बात भी की, और उन्होंने बीच सड़क से प०ल को जल्द से जल्द हटाने की मांग की, जिसके बाद बिजली विभाग द्वारा प०ल को बीच रास्ते से हटा दिया गया, प्रभात कुमार ने बताया हमेशा लोगों के बीच मदद के लिए तत्पर हूं ।

## बाबूलाल मरांडी ने क्षेत्र दौरा कर जन समस्या जाना

**अपेम लाइव : धनवार**
**रौशन अली**



धनवार विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को धनवार प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस क्रम में उन्होंने मनसाडीह केंदुआ नवागढ़ चट्टी गोरहंद करगाली कुबरी घोड़थम्बा का भ्रमण किया। ग्रामीणों ने जगह-जगह पर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की जनसमस्याएं सुनी और समाधान का भी आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र में शिक्षा बिजली पानी व सड़क जैसी समस्याओं से अवगत कराया। कई ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर अपनी समस्याओं को सुनाया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बुनियादी जन समस्याओं का समाधान अवश्य होगा। दौरे के पश्चात भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय के पिताजी के श्राद्ध कार्यक्रम में उपस्थित हुए। मौके पिंटू कुमार पासवान महेंद्र चौधरी अभिमन्यु प्रसाद शर्मा सांसद प्रतिनिधि जयप्रकाश सहा कपिंद्र यादव चंद्रशेखर यादव हरिहर यादव संजय कुमार यादव संतोष कुमार साहू मुखिया सीता देवी अनिल कुमार विकास कुमार सिंह मनोज कुमार सिंह सुदेश सिंह मंडल अध्यक्ष महेंद्र चौधरी कामदेव पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण के विरोध में उतरे सिंघरावां कांग्रेस पंचायत सचिव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



डीएमएफटी मद से निर्माणाधीन जीटी रोड सिंघरावां से लेकर नया सिंघरावां तक सड़क निर्माण को लेकर कांग्रेस पंचायत सचिव नरेश साव विरोध में उतर गए है। नरेश साव ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में अनियमितता बरता जा रहा है। निर्माणाधीन सड़क में मेरा रैयती जमीन जा रहा है और अधिकतर हिस्सा वन विभाग का है। बातों ही बातो में नरेश साव ने कहा कि मुझे उचित मुआवजा मिलना चाहिए। नरेश साव ने कहा की सड़क निर्माण कार्य को नही रोका गया तो आंदोलन को विवश होंगे। इधर ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण से सिंघरावां सहित कई गांव के लोगों को यातायात में होगा सुविधा। इधर वन विभाग की टीम ने सड़क में वन विभाग की भूमि का शिकायत पर जाँच करने स्थल पर पहुंचे। वनरक्षी पंकज ने कहा कि लोकेशन नही मिला पाया जाँच के बाद कुछ कहा जा सकता है।

**जनहित के लिए अतिआवश्यक है सड़क निर्माण, बाधक नही बने बद्री साव**

सिंघरावां निवासी सह समा. जसेवी बद्री साव ने कहा कि सड़क निर्माण में कोई जमीन वन विभाग का नही है। सर्वे का रास्ता है। सड़क निर्माण जनहित के लिए जरूरी है। कहा सड़क निर्माण में कोई लोग बाधक नही बने। कहा ग्रामीणों का कोई विरोश नही है सड़क निर्माण में। कहा सड़क में किसी का रैयती जमीन नही जा रहा है।

## गिरीडीह के पीरटांड़ प्रखंड में जल जीवन मिशन लिए प्रशिक्षण दिया गया

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरीडीह के पीरटांड़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खुखरा के पंचायत स. चवालय में जल जीवन मिशन,स्वच्छ भारत मिशन ,दीवाल लेखन,एवं गंदे जल का सही निपटान के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण ।थ्ब् प्छक्। के द्वारा मुखिया जी,वार्ड सदस्य, जल सहिया, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, साहियक एवम सभी ग्रमीणों को दिया गया। यह जानकारी ।थ्ब् टीम के सुरेंद्र प्रसाद सिंह और मिथलेश कुमार ने दिया।और कहा कि ये भारत सरकार की योजना को जमीन तक पहु. चने का लक्ष्य है । जिससे ग्रमीण लोग कमसे कम घर ,के आस पास तथा सड़क के किनारे पानी का जमाम नही होने दे ।पानी जमाम के ही कारण मच्छर पैदा होते है और हम सभी बीमार पड़ते है जिसके कारण हमारी शक्ति की छय होती है।

## पारा शिक्षकों के माँग पूरी करने के लिए राज्य सरकार का आभार : दिनेश यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



वर्षो की संघर्ष व कई साथी के बलिदान को लम्बी लड़ाई के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने स्थाई करण सहित कई मांगो को पूरा कर राज्य के 64 हज़ार शिक्षकों के दिल को जीतने का कार्य किया। पारा शिक्षक सेवा शर्त नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद राज्य के तमाम पारा शिक्षक अब सहायक अध्यापक बन गए हैं। पारा शब्द हटाकर सहायक शिक्षक बनाने एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए झारखंड के तमाम सहायक अध्यापकों खुशी की माहौल है। इसी कड़ी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय भंडार के सहायक अध्यापक एवं चौपारण प्रखंड मीडिया प्रभारी दिनेश यादव ने शिक्षा मंत्री श्री जगन्नाथ महतो एवं मुख्यमंत्री आदरणीय हेमंत सोरेन जी तथा सरकार में शामिल तमाम सदस्यगण प्रति आभार प्रकट किया है।तथा संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे एवं हजारीबाग जिला अध्यक्ष आदरणीय चंदन मेहता जी के प्रति भी आभार प्रकट किया है स हर्ष व्यक्त करने वालों तथा सरकार को बधाई देने वाले प्रखंड अध्यक्ष रामअवतार प्रजापति, सचिव सीताराम यादव , राज्य सदस्य सुधीर कौशल, प्रदीप सिंह, अशोक यादव, राजेश केसरी , पंकज कुमार सिंह, सुमंत कुमार सिंह, विनोद कुमार दांगी, कामेश्वर कुमार , सरस्वती देवी वीणा देवी, रा. जेश यादव, अभिषेक सिन्हा, मनोज कुमार यादव, मुनेश्वर यादव,उदित प्रसाद, कृष्णा विश्वकर्मा, ज्योति कुमारी ,सुनीता देवी, मुन्नी देवी, कुलदीप यादव ,सुनील कुमार ,माला कुमारी,अरुण कुमार सिंह, राजेश साहू , संजय यादव, रामसेवक यादव, आनंद कुमार बंटी , राकेश कुमार सिंह सहित प्रखण्ड के तमाम सहायक अध्यापक शामिल हैं ।

## पारा शिक्षकों ने सरकार के प्रति जताया आभार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**





बरकट्ठा प्रखण्ड के सहायक अध्यापक प्रखण्ड मैदान में सभा का आयोज़न कर खुशी जाहिर किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव सुकर ठाकुर व संच. ालन मुकेश कुमार पांडेय ने की। मालूम हो कि एकीकृ त सहायक संघर्ष मोर्चा प्रखण्ड इकाई के तत्वाधान में प्रखण्ड मैदान में राज्य सरकार को बधाई देने के लिए दर्ज़नो सहायक अध्यापक का महजुटान हुआ।वहीं मुख्य रुप से सहायक अध्यापक के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे,झामुमो केंद्रीय सदस्य बासुदेव महतो, युवा कांग्रेस नेता संतोष देव, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष मो कुद्दुश ,मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, बीईईओ अशोक कुमार प०ल, अजप्ता प्रखण्ड अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद,अजप्ता प्रखण्ड सचिव रामकिशुन महतो, अजप्ता सदस्य दिनेश्वर महतो, झामुमो उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, झामुमो मीडिया प्रभारी चंद्रदीप पांडेय, मनोज घोष, शंकर प्रसाद, कार्तिक पासवान, मनोज घोष मुख्य रुप से उपस्थित थे।कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखते हुए शहीद पारा शिक्षकों को श्रद्धांजलि दी गई।वहीं मंचासीन अतिथियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।गौरतलब है कि सहायक अध्यापकों ने राज्य सरकार के प्रति आभार जताने व सहायक अध्यापक बनने पर खुशी के मौक़े पर कई वक्ताओं ने संबोधित किया।इस अवसर मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने राज्य सरकार के प्रति आभार जताते हुए व पारा शिक्षकों को बधाई दी।एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष खुशी जाहिर करते हुए सरकार को बधाई दी।उन्होंने कहा राज्य सरकार ने जो सम्मान दिया है उसे हम भूल नही सकते है। वहीं उन्होंने उप. स्थित सहायक अध्यापक को संकल्प दिलाया कि बच्चों को गुणवत शिक्षा देने में कई कसर नही छोड़ेंगे। सहायक अध्यापक भी राज्य का मान बढाने का संकल्प लिया ।उन्होंने कहा कि संघर्ष खत्म नही हुआ है आगे भी संघर्ष बाकी है धन्यवाद ज्ञापन सुकर ठाकुर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में मुख्य भूमिका निभाने में सहायक अध्यापक रेयाज अंसारी,राघवेंद्र लाल, नागेश्वर हज़ाम ,बहादुर ठाकुर समेत सहायक अध्यपको ने सरकार के साहसिक कदम के प्रति खुशी का इज़हार किया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश का रोमी बंगल चौक पर हुआ भव्य स्वागत

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन राज मेहता**

पदमा प्रखंड के रोमी बंगला चोक पर राज्य सभा सांसद सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का गर्म जोश के साथ किया गया। इस कार्यक्रम भाजपा के मंडल अध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद मेहता ने किया। वहीं राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा की जनता बिजली की समस्या से त्रस्त है , वहीं राज्य में हत्या की संख्या में दिनों दिन बढ़ोतरी हो रही है। अपराधी जेल में दिनदहड़े जेल में पार्टी करते हैं, तो जनता कितना सुरक्षित रहेगा। ओर अनेकों समस्या के साथ सरकार को घेरा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र गुप्ता, रेलवे सलाहकार के सदस्य अजय मेहता, मीडिया प्रभारी राजू राणा, मंडल मंत्री बुधन साव, रामानंद गिरी, नरेश कुमार मेहता, गणेश यादव, प्रमोद कुमार, भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष उदय मेहता, बिहारी मुखिया सहदेव प्रसाद मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE